बेटियों ने फिर बढ़ाया मान, इस बार भी बेटों से ज्यादा रहा पासिंग प्रतिशत

12वीं में 7.9 प्रतिशत और 10वीं में प्रतिशत 3.9 फीसदी ज्यादा छात्राएं पास हुईं

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने एक बार फिर देशभर में देहरादून रीजन का नाम रोशन किया है। इस साल भी बेटियों का पासिंग प्रतिशत बेटों की तुलना में अधिक रहा। साथ ही बीते साल की तुलना में इस साल दोनों कक्षाओं के पासिंग प्रतिशत में भी इजाफा हुआ है।

रीजन में 88.22% छात्राएं पास

12वीं में लड़कों की तुलना में लड़कियों का पासिंग प्रतिशत 7.9 फीसदी ज्यादा रहा। पूरे रीजन में 88.22 फीसदी लड़कियां और 80.32 फीसदी लड़के पास हुए। जबकि बीते साल भी 6.01 प्रतिशत ज्यादा लड़कियों ने सफलता प्राप्त की थी।

10वीं में भी परीक्षा पास करने में लड़कियां आगे रही हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों का पासिंग प्रतिशत 3.9 फीसदी ज्यादा रहा। रीजन में 93.22 प्रतिशत बालिकाएं और 89.32 फीसदी लड़के पास हुए। साल 2023 में 1.98 फीसदी ज्यादा लड़कियां पास हुई थीं।

श्रीनगर केंद्रीय विद्यालय में टॉपर बच्चों को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक। संवाद

टिहरी, उत्तरकाशी और बागेश्वर के छात्र आगे

जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो टिहरी, उत्तरकाशी और बागेश्वर जिले में बेटियों की तुलना में बेटे अधिक पास हुए हैं। 12वीं में टिहरी गढ़वाल जिले में 84.63 फीसदी बालक और 82.56 फीसदी बालिकाएं परीक्षा में सफल हुईं। जबकि उत्तरकाशी में 84.37 बालक और 80.57 फीसदी बालिकाएं पास हुईं। उधर 10वीं में बागेश्वर जिले में भी 83.47 फीसदी बालक और 80.94 प्रतिशत बालिकाएं सफल हुईं। टिहरी गढ़वाल जिले में 81.40 फीसदी बालक, 80.73 बालिकाएं पास हुईं।

जवाहर नवोदय का शत प्रतिशत रहा परिणाम

गोपेश्वर/पीपलकोटी। सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय में 12वीं के 45 छात्र-छात्राओं में सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और छह ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। वहीं 10वीं में 80 छात्र-छात्राओं में सभी उत्तीर्ण हुए। जबकि नौ ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। वहीं एसजीआरआर गोपेश्वर के दसवीं में 42 छात्र-छात्राओं में 36 उत्तीर्ण हुए। 12वीं में 43 छात्र-छात्राओं में से 30 प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। संवाद

अटल उत्कृष्ट विद्यालय का परिणाम नहीं दे पाया विभाग

पौड़ी। जनपद पौड़ी का शिक्षा महकमा देर शाम तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं कर पाया। जनपद पौड़ी में 30 अटल उत्कृष्ट विद्यालय हैं। जो सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध हैं। विगत वर्ष भी इन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा था। लेकिन इस वर्ष देर शाम तक शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी नहीं कर पाया था। डीईओ माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी ने बताया कि प्रत्येक विकास खंड में दो-दो विद्यालय अटल उत्कृष्ट विद्यालय हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाचार्य को निर्धारित फॉरमेट में सूचना दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन शाम तक कोई सूचना उपलब्ध नहीं हो पाई है। संवाद